## चांदरात पर जायरीने दीवाना का सैलाब उमड़ा

**कपासन** । प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर मंगलवार को इस्लामी नए साल मोहरर्म की चाँदरात पर जायरीने दीवाना का जन सैलाब उमड़ा। इसके साथ ही 85वें उर्स का अलम शरीफ 25 मोहरर्म, 11 जुलाई को बाद नमाज़ असर चढ़ाया जायेगा। दरगाह ऑफिस सैक्रेट्री शफी मोहम्मद छीपा के अनुसार मंगलवार को ईस्लमी नये साल 1448 हिजरी की चाँद रात पर स्टेशन से लेकर हाईवे तक गाडियों का जमावड़ा लगा रहा। रेल्वे स्टेशन पर जायरीन की भारी आवक रही। महफिले मिलाद एवं दिन भर कव्वाल हज़रात ने अहाता ए नूर में बारी-बारी से कलाम पेश कर दाद बटोरी, मिन्नत के धागे बाँधने व मिन्नत पूरी होने पर अपनो को गुड, खोपरे, फल से तौल कर मन्नत उतारी। चिराग बत्ती के समय जायरीने दीवाना, आशिके दीवाना को बिमारी से शिफायाबी एवं मुल्क में अमनो-सुकून की दुआ की तो अमीन-आमीन की सदाओं से दरगाह परिसर गूंज उठा। चाँद के दीदार करते ही लोग एक-दुसरे से गले मिलकर नये साल की मुबारकबाद देने लगे। 300 दुकानो पर खरीददारो का मजमा लगा रहा।

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकली शोभायात्रा, जगह-जगह स्वागत

**उदयपुर**,17 जून(का.स.)। उदयपुर में प्रताप जयंती पर उदयपुर में श्रद्धाए गौरव और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। बुधवार को शहर में शोभायात्रा निकाली गईए जिसमें हजारों की संख्या मेंउदयपुर में आज प्रताप जयंती पर उदयपुर में श्रद्धाए गौरव और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

■ **शोभायात्रा के मार्ग पर जगह.जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा शरबत, ठंडाई और अल्पाहार की व्यवस्थाएं की गईं। शोभायात्रा फतहसागर स्थित मोतीमगरी पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष नमन कर वहां से रवाना हुई।**

बुधवार को शहर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में समाजजन, युवा और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। शोभायात्रा के मार्ग पर जगह.जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा शरबत, ठंडाई और अल्पाहार की व्यवस्थाएं की गईं।

शोभायात्रा फतहसागर स्थित मोतीमगरी पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष नमन कर वहां से रवाना हुई। वहां से हाथीपोल,ओल्ड सिटी,सिंधी बाजार, सूरजपोल और शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए टाउनहॉल पहुंची। यात्रा में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा से सुसज्जित रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।घुड़सवार युवाओं ने महाराणा प्रताप की सेना का स्वरूप धारण कर भाले और पारंपरिक शस्त्रों के साथ शौर्य का प्रदर्शन किया। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल युवाओं और महिलाओं ने मेवाड़ की गौरवशाली संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। महिलाओं के हाथ में तलवार थी जो मेवाड़ के गौरव को प्रदर्शित कर रही थी।

इससे पूर्व सुबह मोती मगरी स्थित महाराणा प्रताप स्मारक पर विशेष पूजा.अर्चना और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न सामाजिकए धार्मिक और राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके त्यागए पराक्रम और राष्ट्रभक्ति को नमन किया।शोभायात्रा के दौरान शहर का वातावरण देशभक्ति और मेवाड़ गौरव के जयघोषों से गूंजता रहा। मार्ग में अनेक स्थानों पर समाजों और संस्थाओं द्वारा स्वागत द्वार बनाए गए तथा पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का अभिनंदन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे।

महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल रहा और विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिकए धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। टाउनहॉल में शोभायात्रा का समापन हुआ और कार्यक्रम शुरू हुआ।इससे पहले आज सुबह सबसे पहला कार्यक्रम फतहसागर झील किनारे स्थित मोती मगरी स्मारक में प्रताप जयंती श्रद्धाए भक्ति और राष्ट्रगौरव के भाव के साथ मनाई गई। महाराणा प्रताप स्मारक समिति द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओंए पर्यटकों और इतिहास प्रेमियों ने भाग लेकर मेवाड़ के महान योद्धा को नमन किया।मुस्लिम सोसायटी ने भी शोभायात्रा में भाग लिया।

समारोह प्रताप की घोड़े पर सवार प्रतिमा फूल मालाएं चढ़ाई। मेवाड़ राजपरिवार के पूर्व सदस्य डॉण् लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की ओर से महाराणा प्रताप की स्मृति में विशेष पूजा.अर्चना की गई। इस अवसर पर उनकी 486वीं जयंती के प्रतीक स्वरूप 486 दीपक जलाए गए और 486 किलोग्राम लड्डुओं का विशेष भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर डॉण् लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्यागए स्वाभिमानए राष्ट्रनिष्ठा और अदम्य संघर्ष का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी यदि महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करे तो यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## डाक सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के लिए डाक अदालत 18 को

**उदयपुर**। डाक विभाग के तत्वावधान में गुरूवार को प्रातः बजे मंडल स्तर पर चेटक सर्कल स्थित प्रधान डाकघर में डाक अदालत को आयोजन किया जाएगा। डाकघर के प्रवर अधीक्षक ने बताया कि डाक अदालत में इस दौरान डाकघर काउंटर सेवाएं, मनी ऑर्डर, बचत बैंक, मूल्य देय वस्तुएं, पार्सल व बीमा वस्तुएं डाक जीवन बीमा एवं विदेश डाक वस्तुओं से संबंधित जनता की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिन शिकायतों का अब तक संतोषजनक समाधान नहीं हुआ है, वे अपना विस्तृत प्रार्थना पत्र 18 जून तक चेटक सर्कल स्थित प्रवर अधीक्षक डाकघर उदयपुर-04 को प्रेषित कर सकते हैं। इसके अलावा शिकायतकर्ता डाक अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर भी अपना पक्ष रख सकते हैं। शिकायत में शिकायतकर्ता का नाम-पता, संबंधित डाकघर का नाम, शिकायत का पूरा विवरण तथा प्राप्तकर्ता का नाम-पता अंकित करना आवश्यक होगा।

# दो साल से फरार बजरी माफिया गिरफ्तार

■ **कपासन थाना पुलिस ने की कार्रवाई, हत्या के मामले में वांछित था**

**कपासन** । कपासन पुलिस ने दो साल पुराने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे बजरी माफिया को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सुदर्शन चक्र द्वितीय के तहत की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चित्तौड़गढ़ के सेंती निवासी कमल उर्फ कमलेश गुर्जर के रूप में हुई है। वह पिछले दो साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस ने बताया- मामला 30 अगस्त 2024 को गंगरार क्षेत्र के चौकिया निवासी उदयसिंह राजपूत द्वारा कपासन थाने में दर्ज कराया गया था। उदय सिंह ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह अपने साथियों के साथ सिंहपुर-छापरी मार्ग पर बिना रॉयल्टी संचालित डंपर और ट्रैक्टरों की जांच कर रहे थे। इस दौरान सिंहपुर की ओर से आई एक स्कॉर्पियो और अन्य वाहनों में सवार अजयराज सिंह व उसके साथियों ने उनकी गाडी का पीछा किया। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उनकी स्कॉर्पियो को टक्कर मारी। इसके बाद वाहन से उतरकर लाठी-डंडों, पत्थरों और पेट्रोल से भरी थैलियों से हमला कर दिया।गाड़ी के कांच तोड़े और आग लगा दी बदमाशों ने स्कॉर्पियो के शीशे तोड़ दिए और उसमें आग लगा दी। हालांकि, घटना में सभी पीड़ित बाल-बाल बच गए थे। इस मामले में कपासन थाने में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल पर छोडी गई स्कॉर्पियो और ऑल्टो कार को जब्त किया था। साथ ही, मामले में नामजद पांच अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। थानाधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि कमल उर्फ कमलेश गुर्जर की लंबे समय से तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले में आगे की जांच कर रही है।

## प्रशिक्षण ईसीएमपी दिया

**बांसवाड़ा** । यूआईडीएआई नई दिल्ली एवं डीओआईटीसी जयपुर के निर्देशानुसार आधार ऑपरेटरों के जिलावार ईसीएमपी प्रशिक्षण का आयोजन प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमें आधार ऑपरेटरों को प्रशिक्षण नाभित भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय नई दिल्ली के अधिकारी प्रशांत कुमार ने दिया। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के अधिकारी सिस्टम एनालिस्ट सत्येन्द्र कुमार शाह, एसीपी विनोद कुमार अहारी, एवं गुप्त सिंह चौहान भी शामिल हुए। प्रशिक्षण में 108 आधार ऑपरेटर सम्मिलित हुए जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के ऑपरेटरों के साथ आईसीडीएस, सीएससी एवं पोस्ट ऑफिस के ऑपरेटरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# बांसवाड़ा में हरिहर जयन्ती पर हनुमत चरित्र पाठ आज

■ **कपासन थाना पुलिस ने की कार्रवाई, हत्या के मामले में वांछित था**

**बांसवाड़ा** । संत हरिहरस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज के 124वें अवतरण दिवस पर कल आज गुरुवार को सिंहवाव स्थित श्री कपिल केदारेश्वर मन्दिर में रात्रि 8 बजे से श्री हनुमत चरित्र प्रचार समिति के सानिध्य में महाराज श्री रचित महावीर रहस्यमय ठांथ श्री हनुमत चरित्र हनुमान कथ) का संगीतमय पाठ किया जाएगा। इस आयोजन में नगर के समस्त सत्संग मण्डल एवं श्रद्धालु भक्तजन सम्मिलित होंगे। महाराज श्री द्वारा श्री हनुमत चरित्र ठांथ का लेखन शरद पूर्णिमा, विक्रम संवत 1997, तदनुसार 15 अक्टूबर 1940 को पूर्ण हुआ था। राधेश्याम तर्ज एवं विविध राग-रागिनियों में श्री हनुमत चरित्र का संगीतमय पाठ तब से लेकर आज तक निरंतर वागड़ क्षेत्र के विभिन्न सत्संग मंडलों द्वारा किया जा रहा है। ग्रंथ के 86 वर्षों के इतिहास में अब तक 11 संस्करणों के माध्यम से लगभग 11 हजार पुस्तकें प्रकाशित की जा चुकी हैं। वर्ष 2020 में समिति की ओर से पुस्तक का इंटरनेशनल स्टैंडर्ड बुक नंबर भी प्राप्त किया गया । किंकर कपिल जोशी ने बताया कि समिति की ओर से आधुनिक तकनीकी माध्यमों से भी श्री हनुमत चरित्र का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ठांथ की एंड्रॉइड एप्लीकेशन तथा यूट्ययूब वीडियो बुक भी उपलब्ध कराई गई ।

## दो चरणों में निकलेगा ताजियों का जुलूस

**उदयपुर** (का.स.)। इस्लामी नया साल मोहर्रम हिजरी 1448 का चांद मंगलवार को दिखाई दिया। फैजे॰ हुसैन कमेटी ने इस अवसर पर चेतक सर्किल स्थित पल्टन मस्जिद पर झंडा फहराने की रस्म अदा की। कमेटी के शाहनवाज खान ने बताया कि चांद दिखाई देने के साथ ही मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की मस्जिदों में मोहर्रम माह की 1 तारीख से लेकर 10 मोहर्रम आशुरा तक इबादतों का दौर जारी रहेगा साथ ही आशुरा के दिन निकलने वाली ताजियों के जुलूस को लेकर भी तैयारियां शुरू हो गई ।इसके तहत 23 जून को छडि़यों का जुलूस, 25 जून को शहादत की रात मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 26 जून यौमे आशूरा मनाया जाएगा एवं दो चरणों में सुबह व शाम को ताजियों का जुलूस जोशो खरोश के साथ निकाला जाएगा।

# शहर में सक्रिय महिलाओं के पर्स छिनने वाली गैंग सक्रिय

**उदयपुर** । शहर में महिलाओं के पर्स छिनने एवं सूने मकान में चोरी की वारदात करने वाली सक्रिय गैंग के बदमाशों ने तीन वारदातों को अंजाम दिया तथा एक मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

शहर में जारी पुलिस गश्त के बाजवूद अपराध गिरोह के बदमाश सक्रिय होकर पुलिस पकड़ से बाहर है। इसी के चलते बदमाश वारदातों को अजाम दिए जा रहे है। गत दो दिन में बदमाशों ने सविना, गोवर्धन विलास एवं सूरजपोल क्षेत्रों में चार वारदातों को अजाम दिया। जिनमें से एक भी वारदात का पुलिस खुलासा नहीं कर पाई। शहर के सविना थाना क्षैत्र में महर्षि भटनागर पुत्र दिलिप भटनागर निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 14 सोमवार को पत्नी के साथ गाडी पर जा रहा था। इस दौरान आए बाईक सवार दो बदमाश पर्स छिन ले गए। जिसमें करीब 4 हजार रूपये एवं मोबाईल था। इसी तरह सूरपोल थाना क्षैत्र में 15 जून को नटराह होटल के सामने सिटी स्टेशन रोड़ पर बाइक सवार दो बदमाश जगदीश वसीटा पुत्र केसुलाल धोबी निवासी नेला तालाब गोवर्धन विलास की मां के हाथ से चोर पर्स छिन ले गए। जिसमें 400 रूपये एवं मोबाईल था। वहीं पुराना आयल डिपो रोड़पर सविना सेक्टर 9 निवासी लक्ष्मीलाल सोनी पुत्र मथुरालाल की गाडी पर बैठी उसकी पत्नी के हाथ से बदमाशों ने पर्स छिना लेकिन हाथ नहीं छोड़ने पर दोनों दंपत्ति के निचे गिरने के बावजूद महिला ने पर्स हाथ से नहीं छोड़ा। इसको देख बदमाश मौके से फरार हो गए। जबकि सूरजपोल थाना क्षैत्र में अज्ञात बदमाश माछला मगरा निवासी हेमंत कुमामर शर्मा पुत्र डीआर सारंग शर्मा निवासी चंद्रकला कॉलोनी दुर्गा पुरा जयपुर हॉल माछला मगरा के सूने मकान 13 जून को अज्ञात चोर ताला तोड़ का चांदी का गिलास तथा सीसीटीवी केमरो व डीवीआर चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की। वहीं एक दिन पूर्व बाइक सवार बदमाश गोवर्धन विलास थाना मुख्या मार्ग से पीडिता रखाी धारवार पत्नी गणेश कुमार निवासी सालवी कॉलोनी किशनपोल सूरजपोल के हाथ से भी बदमाश पर्स छिन ले गए।

**संख्याक-4**
**हेतुक दर्शित के लिए सूचना**
**( साधरण प्रारूप )**
**-: शीर्षक :-**
**न्यायालय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर**
**अपील डिक्री टी. एक्ट संख्या 3302/2003 जिला उदयपुर**
**गणेशलाल बनाम सहायक आयुक्त**

प्रेषिती :-
1. श्रीमान सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर।
2. श्री ठाकुर जी श्याम सुन्दर जी स्थान देह।
3. श्री वल्लभ भण्डार देवस्थान विभाग उदयपुर।

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए ता 25 माह 6 सन् 20026 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक इपक्षीय रूप से किया जायेगा। यह आज ता 16 माह 6 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

(मुहर) **निबंधक**
**राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर**

# बांसवाड़ा में प्रताप जयंती पर निकली शोभायात्रा पर बरसाये फूल

**बांसवाड़ा** । प्रताप जयंती पर निकाली गयी शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह विभिन्न संस्थाओं, संगठनों एवं प्रतिष्ठानों की ओर से स्वागत किया गया वहीं शोभायात्रियों के लिये ठंडे पेय की व्यवस्था भी की गयी। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गयी। तैयब मोटर्स हीरो शोरुम, श्याम कॉलोनी, शिव कॉलोनी वासियों एवं भारत विकास परिषद पदाधिकारियों ने शहर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली गयी वाहन रैली एवं शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तैयब मोटर्स के डॉ. मुनव्वर हुसैन ने पूर्व राजघराने के महारावल जगमाल सिंह, क्षित्रय समाज जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह देवदा और कृष्णपाल सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में निकाली गयी शोभायात्रा का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। भाविप सचिव कल्पेश मेहता ने बताया कि शोभायात्रा में सम्मिलित समाजजनों एवं महानुभावों का उपरणा ओढ़ा व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया वहीं शोभायात्रियों को शीतल जल एवं ठंडाई प्रदान की गयी। स्वागत करने में परिषद के कोषाध्यक्ष पीयूष नीमा, नवनियुक्त जिला शिक्षाधिकारी संजय गुप्ता, पूर्व शिक्षाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, मदनमोहन एस मेहता, सज्जन सिंह राठौड़, सचिव कल्पेश मेहता, योगेश स्वर्णकार, संजय दोसी, अशोक गुप्ता, सोनू सक्सेना, नारायण सरपोटा, बापूलाल, गणेश, ताराचंद चरपोटा सहित कॉलोनीवासी शामिल रही। गांधी मूर्ति स्थित राजपूत सभा भवन से पूर्व विप्र फाउंडेशन पदाधिकारियों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। विफा जोन 1जी प्रदेश अध्यक्ष योगेश जोशी ने बताया कि चंद्रपोल गेट के अंदर मटकेश्वर महादेव मंदिर स्थित भगवती कॉम्प्लेक्स पर नगर अध्यक्ष मदन मोहन भट्ट, प्रदेश कोषाध्यक्ष केके पंड्या, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ खुशलता भट्ट के नेतृत्व में जिला कोषाध्यक्ष लोकेश आचार्य, अशोक पुरोहित, अनिता नागर, आशा उपाध्याय, बनिता राणा, कैलाश जोशी, मनोहर जोशी सहित विप्र पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए महाराणा प्रताप के स्वाभिमानी गौरव पूर्ण व्यक्तित्व का स्मरण किया।

## सीएम शर्मा का उदयपुर में स्वागत

**उदयपुर** । प्रदेश के मुख्यमंत्रा भजनलाल शर्मा बुधवार को एक दिवसीय प्रवास पर उदयपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार सुबह विशेष विमान से महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से सर्किट हाउस आए । सर्किट हाउस में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, आईजी गौरव श्रीवास्तव, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, एसपी डॉ. अमृता दुहन आदि ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। सर्किट हाउस से कुछ देर बाद मुख्यमंत्री महाराणा भूपाल स्टेडियम गांधी ग्राउण्ड पहुंचे।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
**उदयपुर ( मुख्य ) शाखा, पोस्ट बॉक्स नं. 11, टाउन हॉल, उदयपुर-313001 ( राजस्थान )**
**फोन नं.: 0294-2410226, 2422148, 2420671, 2421673, ई-मेल: udaipu@bankofbaroda.com**

**मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत**

निम्नांकित ऋणियों एवं जमानतदारों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अत: उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुन: लौटकर आ गए हैं। अत: उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

| ऋणियों एवं जमानतदारों का नाम एवं पता | प्रतिभूत आस्तियों/बंधक सम्पत्तियों का विवरण | नोटिस 13( 2 ) की दिनांक | बकाया राशि ( नोटिस 13( 2 ) के अनुसार ) |
|---|---|---|---|
| **मैसर्स 7 हॉर्सेस ऑटोमोबाइल्स प्राईवेट लिमिटेड**<br>34-35, वर्धमान कॉम्प्लेक्स, कुंभा नगर के पीछे, सेक्टर-4, हिरण मगरी, उदयपुर, राजस्थान 313002<br>निदेशक एवं जमानतदार-<br>**श्रीमती शकुन्तला पोखरणा पत्नी श्री योगेश चन्द्र पोखरणा**<br>34-35, वर्धमान कॉम्प्लेक्स, कुंभा नगर के पीछे, सेक्टर-4, हिरण मगरी, उदयपुर, राजस्थान 313002<br>**श्री तन्मय पोखरणा पुत्र श्री योगेश चन्द्र पोखरणा**<br>34-35, वर्धमान कॉम्प्लेक्स, कुंभा नगर के पीछे, सेक्टर-4, हिरण मगरी, उदयपुर, राजस्थान 313002<br>**श्री विनय कौशिक पुत्र श्री शिव कुमार कौशिक**<br>बी-310, रामेश्वरम अपार्टमेंट, मनवा खेड़ा, उदयपुर, राजस्थान 313001<br>जमानतदार-<br>**श्री योगेश चन्द्र पोखरणा पुत्र श्री रतन लाल**<br>वीपीओ नवानिया, वल्लभनगर, उदयपुर, राजस्थान 313601<br>**श्री राहुल कौशिक पुत्र श्री शिव कुमार कौशिक**<br>54, फैक्ट्री एरिया, भीलवाड़ा, राजस्थान<br>**श्री गिरीश कौशिक पुत्र श्री शिव कुमार कौशिक**<br>54, फैक्ट्री एरिया, भीलवाड़ा, राजस्थान | ( 1 ) श्री विनय कुमार कौशिक पुत्र श्री शिव कुमार कौशिक के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 08.07.2020 प्लॉट संख्या 54 के हिस्से पर निर्मित मकान का "द्वितीय एवं तृतीय तल", जिसका क्षेत्रफल क्रमश: 1200 वर्ग फीट एवं 181.60 वर्ग फीट है, जिसमें प्रथम तल से लेकर ऊपर तक ( स्काई मार्क तक ) का हिस्सा शामिल है, जो फैक्ट्री एरिया ( पेच एरिया ), भोपालगंज, भीलवाड़ा, राजस्थान पर स्थित है। सीमाएं- पूर्व: श्री लालू प्रसाद कौशिक की संपत्ति, पश्चिम: श्री शांति लाल सोनी की संपत्ति, उत्तर: रोड़ 60 फीट चौड़ी, दक्षिण: गली 15 फीट चौड़ी<br>**क्षेत्रफल 111.484 वर्ग मीटर।**<br>( 2 ) श्री राहुल कौशिक पुत्र श्री शिव कुमार कौशिक के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 08.07.2020 प्लॉट संख्या 54 के हिस्से पर भूतल पर 5.5*30' अर्थात 165 वर्ग फीट की एक दुकान और प्रथम तल पर 40'*30' अर्थात 1200 वर्ग फीट का बना हुआ मकान जो फैक्ट्री एरिया ( पेच एरिया ), भोपालगंज, भीलवाड़ा, राजस्थान पर स्थित है। सीमाएं- पूर्व: श्रीमती गीता की संपत्ति, पश्चिम: श्री गिरीश कौशिक की संपत्ति, उत्तर: रोड़ 60 फीट चौड़ी, दक्षिण: गली 15 फीट चौड़ी<br>**क्षेत्रफल 111.484 वर्ग मीटर।**<br>( 3 ) श्री गिरीश कौशिक पुत्र श्री शिव कुमार कौशिक के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 08.07.2020 प्लॉट संख्या 54 के हिस्से पर भूतल पर एक दुकान जिसका क्षेत्रफल 9.1*30' अर्थात 273 वर्ग फीट जो फैक्ट्री एरिया( पेच एरिया ), भोपालगंज, भीलवाड़ा, राजस्थान पर स्थित है। सीमाएं- पूर्व: श्री वासुदेव की संपत्ति, पश्चिम: श्री राहुल कौशिक की संपत्ति, उत्तर: रोड़ 60 फीट चौड़ी, दक्षिण: गली 15 फीट चौड़ी<br>**क्षेत्रफल 25.363 वर्ग मीटर।**<br>जरिये डीड संख्या- 201503026102857, 201503026102858 एवं 201503026102859 | 04.06.2026<br><br>गैर निष्पादक आस्ति ( एनपीए ) दिनांक: 01.06.2026 | दिनांक 04.06.2026 को बकाया राशि रू. 1,67,42,889.67 ( रूपये एक करोड़ सड़सठ लाख बयालीस हजार आठ सौ नवासी एवं पैसे सड़सठ मात्र ) ( दिनांक 31.05.2026 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणियों एवं जमानतदारों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं/जमानतदारों को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ ( 60 ) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है, अन्यथा साठ ( 60 ) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणियों एवं जमानतदारों को यह भी सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता/प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13( 2 ) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें।

कर्जदारों/जमानतदारों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

दिनांक: 17.06.2026
स्थान: उदयपुर

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी

# फांसी लगाकर वृद्ध ने की आत्महत्या

**उदयपुर**,17जून । शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र में वृद्ध ने फांसी लगा आत्म्हत्या कर ली।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को हिरणमगरी थाना क्षैत्र अरिहन्त आनन्द बिहार हिरणमगरी सेक्टर 4 हॉल रॉयल इम्पिरियल अपार्टमेंट न्यू नवरतन सुखेर निवासी सुधीर सिंघवी (62) पुत्र गोतम चंद सिंघवी ने अपने मकान में फांसी लगा ली। इसकी सूचना मिलने परएएसआई सुरेश ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। सुधीर सिंघवी अपने पुराने मकान हिरणमगरी पर था। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

# महाराणा प्रताप के आदर्श आज भी राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हैं : हनुमान सिंह

**डूंगरपुर**, । वागड़ क्षित्रय महासभा एवं सर्व समाज के तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती बुधवार को हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः प्रताप सर्कल स्थित महाराणा प्रताप स्मारक पर दुग्धाभिषेक, माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान वीर राणा पूंजा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण किया गया। इसके पश्चात श्री लक्ष्मण राजपूत छात्रावास में सर्व समाज एवं समाजजनों की उपस्थिति में आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वागड़ क्षित्रय महासभा के जिला अध्यक्ष प्रह्लाद सिंह जी चिबूड़ा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठोड ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाराणा प्रताप केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका संघर्ष, स्वाभिमान, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण आज की युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप का जीवन सदैव प्रेरणा देता रहेगा। विशिष्ट अतिथि डुंगरलाल पटेल मेवाड़ दूध डेरी, कुलदीप सिंह नगर परिषद डूंगरपुर, देवराम रोत प्रधान बिछीवाडा ने कहा कि महाराणा प्रताप ने विपरीत परिस्थितियों में भी आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया और हमें भी समाज व राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा मिलती है । पूर्व महासंघ अध्यक्ष धनेश्वर पंड्या कार्यक्रम के मुख्य वक्ता तेजपाल सिंह मुंगेरिया ने महाराणा प्रताप के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया।


**उपकार मसाले के नाम से फर्जी लाइसेंस निरस्त**

राजस्थान सरकार
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उदयपुर (राज0)
Phone: - 6367304312 Email: - cmho-uda-rj@nic.in
क्रमांक:- एफएसएसए/2026/ 3331 दिनांक:- 08-06-26

मैसर्स जेड0ए0 कानोडवाला,
चमनपुरा, शिक्षा भवन सर्कल,
थियोसोफिकल सोसायटी,
उदयपुर (राज0)

विषय:- मैसर्स जेड0ए0 कानोडवाला, चमनपुरा, शिक्षा भवन सर्कल, थियोसोफिकल सोसायटी, उदयपुर से प्राप्त प्रार्थना पत्र क्रमांक 1802 दिनांक 08.06.2026 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आप के प्रार्थना पत्र क्रमांक 1802 दिनांक 08/06/2026 के तहत FSSAI No. 12224042000400 लाइसेंस के लिये स्पष्टीकरण चाहा गया था जो निम्नानुसार है-

यह स्पष्ट किया जाता है कि दिनांक 05.06.2026 को विभाग द्वारा FSSAI No. 12224042000400 निरस्त किया जाता है। उक्त लाइसेंस निम्न व्यवसायी के नाम से जारी था:
सेफुद्दीन जाकिर हुसैन कनोड़वाला
फर्म जेड0ए0 कनोड़वाला
C/o Hilltop Marble & Granite Pvt. Ltd.,
464, N.H. 8, सुखेर, उदयपुर (राज0)

साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है कि निम्नलिखित FSSAI लाइसेंस:
FSSAI लाइसेंस संख्या 12214042000290
मालिक: कुतबुद्दीन कनोड़वाला
फर्म जेड0ए0 कनोड़वाला
चमनपुरा,उदयपुर
का लाइसेंस निरस्त नहीं किया गया है तथा यह वर्तमान में वैध है।

नोट: अगर कोई भी व्यापारी या आम जन को इसमें कोई संदेह हो तो ऑफिस उदयपुर में संपर्क करे।

अभिहित अधिकारी एवं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
उदयपुर (राज0)
दिनांक:- 08-06-26

**जागो ग्राहक जागो**

मैं कुतबुद्दीन कानोड़वाला असली उपकार मसाले (चमनपुरा) का एकल स्वामी होने के नाते आप सभी व्यापारिक बन्धुओं व ग्राहको के प्रति हार्दिक आभार व धन्यवाद व्यक्त करता हूँ कि आपने पिछले लगभग 53 वर्षों से 'उपकार मसाले' की शुद्धता पर विश्वास किया है।

मैं आपको आश्वासन देता हूँ कि मेरे द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले सभी मसाले 100% पुर्णत: असली, प्रमाणिक एवं विश्वसनीय है।

गुणवत्ता, पारदर्शिता और ग्राहक संतुष्टि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आपके विश्वास और सहयोग के लिय मैं आपका हृदय से आभारी हूँ।

आपका स्नेह और विश्वास ही मेरी प्रेरणा है।

कुतबुद्दीन कानोड़वाला
M/s. Z.A.Kanorwala,
5-6, Theosophical Society Lodge,
CHAMANPURA, Shiksha Bhawan Circle,
Udaipur - 313001 (Raj.)
(M) 9829041552

**असली उपकार मसाले खरीदते समय निम्न लोगो, ट्रेडमार्क नं., fssai एवं पता - CHAMANPURA देख कर खरीदें**

Z.A. KANORWALA, UDAIPUR · UPKAR SPICES
UPKAR SPICES
उपकार मसाले
Regd. Trade Mark No. : 1034169
fssai 12214042000290
Registered Office and Executive Customer Care Contact:
Z.A. KANORWALA
5,6 Theosophical Society Lodge,
CHAMANPURA
Shiksha Bhawan Circle
Udaipur-313001 (Raj.) India
M.: 98290 41552
E-mail
upkarmasale@gmail.com
SONA